# शादी से लौटते वक्त हादसा, कार के परखच्चे उड़े

## अमकुई के पास कार पेड़ से टकराई, चालक की मौत, 5 घायल

सतना।

जसो थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि तीन बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज रफ्तार के कारण कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से हुआ। मृतक की पहचान अमकुई निवासी पवन सोनी के रूप में हुई है।

वे वर्तमान में सतना के धवारी में रहते थे। बताया जा रहा है कि पवन शुक्रवार को अपने भांजे की शादी में शामिल होने ओंकार पैलेस गए थे। समारोह के बाद शनिवार दोपहर वे रिश्तेदारों को कार से गांव छोड़ने के लिए निकले थे।अमकुई गांव के नजदीक पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक पवन सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार सवार तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल नागौद अस्पताल ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में 7, 9 और 11 साल के बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन उन्हें आगे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं।





### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

घटना की सूचना मिलते ही जसो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन से नियंत्रण खोना दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बेटी की विदाई के चार दिन बाद सड़क हादसे में पिता की मौत

**सतना।** खुशियों वाले घर में मातम पसर गया है। ग्राम सेहरुआ निवासी रमेश सिंह का एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। हृदय विदारक बात यह है कि महज चार दिन पहले ही उन्होंने अपनी बेटी को धूमधाम से विदा किया था। अभी घर में शादी की चहल-पहल और खुशियां पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि इस हादसे ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। घटना सतना-रीवा मार्ग पर बाठिया मोड़ की है,जहाँ एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया,लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रमेश सिंह अपने पीछे चार बेटियों का परिवार छोड़ गए हैं; उनके इकलौते पुत्र का निधन कुछ वर्ष पहले ही हो चुका था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सांसद गणेश सिंह और विधायक विक्रम सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया है।

### मैहर में पेड़ की छटाई के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**सतना।** मैहर-सतना रोड स्थित ग्राम कोरवारा के पास एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान कानपुर निवासी मोहित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार,मोहित हाइटेंशन लाइन के करीब स्थित एक पेड़ की छटाई कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली की हाई-वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिजली लाइनों के पास काम करते समय सुरक्षा मानकों की अनदेखी इस हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर बिजली लाइनों के पास काम करने के खतरों और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामनगर में जमीनी विवाद में पति-पत्नी पर जानलेवा हमला

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,जमीन से जुड़े पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक पक्ष ने पति-पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद घायलों को उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहाँ से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा था,जिसने आज खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**सतना।** सतना जिले में 9 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी मामलों में उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लंबित मामलों को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसके तहत घरेलू,कृषि तथा 5 किलोवाट भार तक के गैर-घरेलू और 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट का लाभ दिया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया हैं,वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने प्रकरणों का समाधान कर सकते हैं और शासन द्वारा दी जा रही छूट का फायदा ले सकते हैं।

## सरेराह युवक की चाकू गोदकर हत्या, 24 घंटे के अंदर 4 आरोपी गिरफ्तार

### कोठी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: साइबर सेल की मदद से घेराबंदी,एक आरोपी अब भी फरार

सतना।

कोठी थाना क्षेत्र के रनहेही गांव में हुई जघन्य हत्या के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हमले में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है,जबकि एक आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



#### क्या था मामला?

जानकारी के अनुसार,घटना 1 मई की है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गौरा (मेदनीपुर) निवासी रोहित डोहर (25 वर्ष) पिता सुंदरलाल डोहर का रनहेही तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास 5 लोगों ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश या किसी विवाद के चलते रोहित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई भवानी प्रसाद डोहर की शिकायत पर कोठी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 103(1),296(B),115(2),126(2),324(4), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस कप्तान डॉ.हंसराज सिंह और एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने चार टीमें गठित कीं। वारदात के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और घेराबंदी कर 4 लोगों को दबोच लिया।

#### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

गौरीशंकर वर्मा (32 वर्ष): पिता चुनकावन वर्मा,निवासी सुजावल नई बस्ती,सतीश डोहर (20 वर्ष) पिता शिवकुमार,निवासी गौरा (मेदनीपुर), अमर चौधरी (20 वर्ष): पिता राजेश, निवासी सुजावल नई बस्ती व एक अपचारी बालक (नाबालिग) शामिल है। इस त्वरित कार्रवाई में कोठी थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी, सउनि अश्वनीधर द्विवेदी, सउनि राजबहादुर सिंह,प्रधान आरक्षक देवेंद्र सेन, प्रमोद तिवारी, आरक्षक रिंकू जाटव, नरेश बैगा, रामगणेश पटेल, दिलीप यादव और संतोष धुर्वे की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब फरार पांचवें आरोपी की तलाश में जुटी है।

## पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने तोड़ी जनता की कमर, चुनावी लाभ में डूबी सरकार गरीबों की पीड़ा से बेखबर: धर्मेश

मैहर।

देशभर में लगातार बढ़ती पेट्रोल एवं ईंधन कीमतों को लेकर जनता में बढ़ती नाराज़गी के बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से आम आदमी की जिंदगी कठिन होती जा रही है,लेकिन सत्ता पक्ष चुनावी रणनीतियों और राजनीतिक लाभ में इतना व्यस्त है कि उसे गरीब,किसान,मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानियां दिखाई नहीं दे रही हैं।

धर्मेश घई ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों का अध्ययन करने पर साफ दिखाई देता है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। ईंधन महंगा होने का सीधा असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता,बल्कि परिवहन खर्च बढ़ने से सब्जियां,खाद्यान्न,दूध,किराया,कृषि लागत और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता को राहत देने के बजाय लगातार टैक्स और मूल्य वृद्धि का बोझ डाला जा रहा है। बढ़ती कीमतों से छोटे व्यापारी,किसान और नौकरीपेशा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनता अब परिस्थितियों को समझ रही है और आने वाले समय में महंगाई,बेरोजगारी और ईंधन मूल्य वृद्धि जैसे मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने का मन बना चुकी है। कांग्रेस पार्टी जनहित के इस मुद्दे को लेकर सड़क से लेकर जनआंदोलन तक संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द राहतकारी कदम नहीं उठाए,तो आम जनता का आक्रोश आने वाले समय में बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

## ताला पुलिस की कार्रवाई: 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**ताला।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में ताला पुलिस ने अवैध नशे के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम ललितपुर में नहर किनारे दबिश दी, जहाँ अजय कुमार केवट अपनी पत्नी ललिता केवट के साथ अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा था। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा,जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 4 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई,जिसकी कीमत लगभग 12,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने और उसकी पत्नी ने मिलकर यह शराब बनाई थी। पुलिस ने आरोपी अजय केवट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,जबकि उसकी फरार पत्नी ललिता की तलाश जारी है। इस



कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।

### कक्षा 9वीं, 11वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से

**स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी की समय-सारिणी**

सतना। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग,लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी,जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित स्टैण्डर्ड गणित/बेसिक गणित के अनुसार आयोजित की जाएगी।

## नैक मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय को "बेस्ट यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट अचीवमेंट्स" अवार्ड

सतना।

नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) से मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय,सतना ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए "बेस्ट यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट अचीवमेंट्स" अवार्ड प्राप्त किया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की ओर से मार्केटिंग हेड अविनाश मिश्रा एवं रीजनल हेड अशोक मिश्र ने हैदराबाद में तेलंगाना सरकार के परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर के हाथों ग्रहण किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सफल प्लेसमेंट,उद्योग जगत से मजबूत साझेदारी और रोजगारोन्मुख शिक्षा पद्धति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को व्यावहारिक कौशल,औद्योगिक अनुभव और बेहतर करियर अवसरों से जोड़ते हुए एक सशक्त पहचान स्थापित की है।




### प्रबंधन का संदेश:

प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि "यह सम्मान हमारे गुणवत्ता, नवाचार और परिणामोन्मुख शिक्षा के प्रति समर्पण को प्रमाणित करता है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को उद्योग के अनुरूप दक्ष, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।"

### संचालित पाठ्यक्रम एवं विशेषताएं:

एकेएस विश्वविद्यालय में प्रबंधन,इंजीनियरिंग,विधि,कृषि, फार्मेसी,कंप्यूटर एप्लीकेशन, शिक्षा, विज्ञान एवं मानविकी जैसे विविध रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित हैं। साथ ही सीमेंट टेक्नोलॉजी एवं माइनिंग (खनन इंजीनियरिंग) जैसे विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को औद्योगिक उत्पादन, खनिज संसाधनों के दोहन, सुरक्षा मानकों और तकनीकी प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है,जिससे उन्हें उद्योगों में व्यापक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता, उत्कृष्टता और करियर-उन्मुख शिक्षा की निरंतर प्रगति का सशक्त प्रमाण है।

## मैहर में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों पर सख्ती, 50 से अधिक चालान



**मैहर।** बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज मैहर थाना के सामने सघन चेकिंग की गई,जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक चालान काटे गए। पुलिस ने हेलमेट पहनकर चलने वाले वाहन चालकों की सराहना की,वहीं बिना हेलमेट चलने वालों को सख्त हिदायत देते हुए समझाइश दी गई कि हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है और दुर्घटना के समय जीवन बचा सकता है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क पर निकलते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## भाजपा कार्यालय में संगठन को मजबूत करने पर मंथन

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती,आगामी कार्यक्रमों एवं विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनसमस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाने एवं पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।बैठक में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,जयंती महेश तिवारी,महेश तिवारी,विनोद चौरसिया,प्रिंस शर्मा,मनोज चौरसिया,रीता आहूजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मैहर में 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' अभियान शुरू, 24 वार्डों में होगी प्रतिस्पर्धा

मैहर।

नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत "स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26" के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड रैंकिंग अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इस अभियान के जरिए शहर के सभी 24 वार्डों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी,ताकि मेहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सके।नगर पालिका के अनुसार वार्डों और कॉलोनियों के निवासी अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखकर रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त कर सकते हैं।अभियान में कचरा प्रबंधन,प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र,डोर-टू-डोर कलेक्शन, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण और स्वच्छ शौचालय जैसे मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान 01 अप्रैल से 25 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद 26 मई से 30 मई तक आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। रैंकिंग के परिणाम और सम्मान वितरण 5 जून 2026 को किया जाएगा। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लें और अपने वार्ड को नंबर वन बनाने में योगदान दें। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए नोडल अधिकारी प्रवीण तिवारी मोबइल नम्बर 9617929579 से सम्पर्क करने की व्यवस्था की गई है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' विजेताओं का होगा सम्मान

नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छ वार्ड रैंकिंग अभियान के विजेताओं को आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी द्वारा बेस्ट कॉलोनी के साथ-साथ बेस्ट वार्ड प्रभारी,स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और बेस्ट स्वच्छाग्रहियों को भी बड़े मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# शिक्षकों की टीईटी परीक्षा को लेकर पुर्नविचार याचिका जो म.प्र. सरकार के द्वारा दायर की गई जिसकी सुनवाई 13 को

**शिक्षकों की टीईटी परीक्षा को ध्यान में रखकर म0प्र0 सरकार ने पुर्नविचार याचिका माननीय उच्चतम न्यायालय में दर्ज कराई जिसकी सुनवाई 13 मई को निश्चित मानी जा रही है सरकार के मुखिया डॉ0 मोहन यादव शिक्षकों के पक्ष में इस पुर्नविचार याचिका को लेकर कहीं न कहीं अपने राज्य में जो शिक्षकों की टीईटी परीक्षा की समस्या सामने इसको ध्यान में रखकर यह पहल जो की गई थी सबकी नजर 13 मई की सुनवाई को लेकर**

पन्ना।

देश में कब और कैसा कानून लागू हो जाये यहां अपने आप में कई तरह के सवाल स्वयं ही अब प्रश्न बन वुके है क्योंकि म0प्र0 में टीईटी परीक्षा शिक्षकों की जो कराये जाने को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा जो नियम का उल्लेख किया गया। जिसमें शिक्षकों के लिये यह टीईटी परीक्षा का कानून आखिर कब बना यह कौन करेगा विचार क्योंकि शिक्षकों की नियुक्ति 2002, 2003, 2004 -2005 जब प्रदेश सरकार ने जनपदों व जिला पंचायतों के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्तियां शिक्षा समिति के माध्यम से की गई थी आखिरकार यह भी कहीं न कहीं राज्स सरकार के द्वारा कानून के तहत शिक्षकों की नियुक्ति तत्कालीन समय में की गई थी। अब सवाल यह उठता है कि जो नियम टीईटी परीक्षा को लकर लागू किया गया है यह नियम शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बाद माना जा रहा है आखिर जिन शिक्षकों की नियुक्ति कानून बनने के पहले ही की जा चुकी थी आखिर इन शिक्षकों का कसूर क्या वहीं सवाल य उठता है क्या ऐसा नियम भी यह माना जाये



जो 10 वर्ष पिछले समय से लागू किया जायेगा। यह अपने आप में कहीं न कहीं अनूठा नियम आखिरकार इस तरह के नियम का पालन कराया जाना सरकारों के लिये खुद ही एक बड़ा सवाल है क्योंकि यहां तो तत्कालीन राज्य सरकारों ने ही शासकीय सेवा में शिक्षकों को नियुक्तियां प्रदान की थी जिम्मेदार अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचाय तवमु ख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के माध्यम से पदस्थापनायें की गई थी। इतना ही नहीं समय बीतने के बाद शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षकों की उपाधी से जो इन्हें नवाजा जाता था वहीं समय बदलने के बाद मात्र शिक्षक की उपाधी इन्हें सरकार के द्वारा ही प्रदान की गई। आखिरकार यह कैसा कानून जो टीईटी परीक्षा कराये जाने को लेकर शिक्षकों के ऊपर लादा जा रहा है। आखिरकार जो कानून 10 वर्ष बाद बना और 10 वर्ष पीछे से उसको लागू किये जाने को लेकर उचित माना जाना कहां तक लाजमी। वहीं शिक्षकों के पीछे उनका पूरा परिवार जुड़ा होता है जो कहीं न कहीं 20 वर्ष या 15 वर्ष की सेवाकाल के बाद अगर शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सेवा से पृथक करने की जो बात कहीं जा रही हे इन परिवारों पर क्या बीतेगी कौन जिम्मेदार होगा संवेदनशील सरकारें स्वयं ही मंथन करें क्या ऐसे कानून का पालन कराया जाना लाजमी है। इतना ही नहीं पुर्नविचार याचिका के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय तक शिक्षकों के लिये जो एक न्यायहित में याचिका दायर की गई थी म0प्र0 सरकार के द्वारा जिसकी सुनवाई 13 मई को जरूर सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई है वहीं देखना यह है कि शिक्षकों को जिस तरह से टीईटी परीक्षा के माध्यम से मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है आखिर यह कैसा न्याय क्या ऐसा भी कभी इतिहास में खोजने पर मिलेगा कि 10 वर्ष बाद का कानून 10 वर्ष पिछले समय से लागू किया जाये जो शायद अब तक सुनने में नहीं आया वहीं आने वाले समय में जबसे यह कानून बना टीईटी परीक्षा पास कराये जाने को लेकर आखिर जबसे सरकार ने कानून बनाया तबसे उसका पालन कराया जाना तो उचित माना जाता है पर यहां जब कानून बना ही नहीं था उस समय जिस कानून के माध्यम से राज्य सरकारों ने शिक्षकों को शासकीय सेवा में रखा तो फिर यहां शिक्षकों की गलती क्या। आखिरकार राज्य सरकारों को क्या कानून बनाने का अधिकार नहीं था आखिरकार नियमों के माध्यम से ही शासकीय सेवा में शिक्षकों को रखकर 20 वर्षों से सेवायें ली जा रही है अब यह कैसा अंधा कानून जो कहीं न कहीं पट्टी बांधकर उसे थोपने जैसे हालात शिक्षकों के ऊपर लागू करने का खेल आखिरकार अपने आप में कहीं न कहीं सरकारों के लिये भी चिंताजनक है। अगर यह कानून 10 वर्ष पिछले से लागू किया जाता है तो शिक्षकों के साथ कहीं न कहीं यह अन्यायपूर्ण कार्यवाही को लेकर चर्चा में है।

## खबर संक्षेप

### रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालु



**पन्ना।** शाहनगर मुख्यालय देवरी गांव से तीर्थयात्रियों का जत्था रामेश्वरम धाम से सकुशल वापस लौटा काबिलैगौर है की 20 अप्रेल 2026 को रवाना हुये तीर्थयात्रियों का जत्था जो कन्या कुमारी मिनाक्षी देवी, बालाजी सहित तीर्थ कर सकुशल वापस लौटे जिनका दर्शन और सुखद आध्यात्मिक अनुभव साझा किया गया एवं वापसी पश्चात शाहनगर श्री राम हर्षण कूंज मे बिराजे श्री मिथिला बिहारी बिहारणी का आशीर्वाद लिया विधि-विधान से पूजन कराया गया। इस अवसर पर सेवानिव्रत शिक्षक सुरेश दुबे श्री मति गोमती दुबे श्री धर दुबे सहित तीर्थयात्री शामिल रहे।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के लिए बनेगा 100 सीट बालक एवं 50 सीट बालिका छात्रावास



**पवई।** पवई विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रहलाद लोधी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को मिली है,चाहे वह पवई का नवीन शासकीय महाविद्यालय हो या फिर सिविल अस्पताल। उनके द्वारा सीक्रेट कराई जा रहे कार्यों में एक और महत्वपूर्ण कार्य जुड़ गया है। बता दें कि विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु विधायक के द्वारा पवई के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बालक और बालिका छात्रावास हेतु उच्च शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया था, जिस पर उच्च शिक्षा मंत्री ,तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मध्य प्रदेश के मंत्री इंदर सिंह परमार के द्वारा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लिए 6 यूनिट स्टाफ क्वार्टर स्वीकृत राशि 181.18 लाख रुपए, सौ सीटर बालक छात्रावास एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास निर्माण लागत राशि 983.50 लाख,4 यूनिट एवं टाइप स्टाफ क्वार्टर लागत राशि 99.95 स्वीकृत की गई है। इन स्वीकृत विकास निर्माण कार्यों के लिए उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री का पवई विधायक प्रहलाद लोधी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

### रमेश चन्द्र शर्मा बने म.प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष, पन्ना में हर्ष की लहर



**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा रमेश चन्द्र शर्मा को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति पर म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस संगठन, जिला पन्ना ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस संगठन पन्ना के जिलाध्यक्ष, एस. पी. राय ने कहा श्री-शर्मा का संपूर्ण जीवन कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा है। आपके कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक अनुभव एवं कर्मचारी हितैषी दृष्टिकोण से निश्चित ही प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के कल्याण, अधिकार एवं सम्मान की रक्षा होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री शर्मा के कार्यकाल में वेतन विसंगति, पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली एवं संविदा-आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण जैसे लंबित मुद्दों का शीघ्र निराकरण होगा। म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस संगठन, पन्ना इकाई ने श्री शर्मा के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है। साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस संगठन द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर जिले के समस्त कर्मचारी संगठनों में उत्साह का माहौल है।

## एक वर्ष पूर्ण होने पर शिवालय परिसर में पुनः गूंजेगी भक्ति रसधारा

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर नगर के बस स्टैंड स्थित शिवालय मंदिर प्रांगण में गत वर्ष सम्पन्न हुए भव्य जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पावन स्मृतियाँ आज भी श्रद्धालुओं के हृदय में जीवंत हैं। उसी दिव्य अवसर पर राष्ट्रीय कथा वाचक एवं प्रख्यात गौसेवक पूज्य श्री बृजेश जी महाराज द्वारा शिवपुराण कथा का भावपूर्ण वाचन किया गया था। अब उस ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पुनः श्रीराममय होने जा रहा है। शिवालय मंदिर प्रांगण, सिविल लाइन, बस स्टैंड देवेंद्रनगर में 6 मई से 12 मई




तक भव्य "श्रीराम कथा महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सायं 5रू30 बजे से 8 बजे तक पूज्य श्री बृजेश जी महाराज अपने ओजस्वी एवं भक्तिरस से परिपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, धर्म और मानव कल्याण के संदेशों का दिव्य वर्णन करेंगे। पूज्य महाराज जी बीते दो-तीन दशकों से निरंतर कथा, धर्मप्रचार एवं गौसेवा के माध्यम से जनमानस में विशेष आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहे हैं। क्षेत्र में उनके अनुयायियों एवं उनसे दीक्षा ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती रही है। उनकी सहज, सरस एवं जीवन को संस्कारित करने वाली वाणी ने हजारों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग की ओर प्रेरित किया है। यही कारण है कि उनके कथा आयोजनों में दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होते हैं। देवेंद्रनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पूज्य श्री बृजेश जी महाराज द्वारा अनेक बार श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा एवं शिवपुराण कथा का दिव्य वाचन किया जा चुका है। उनके प्रवचनों में केवल धार्मिक आख्यान ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कार, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी समाहित रहता है। धर्म एवं अध्यात्म के साथ-साथ पूज्य महाराज जी गौसेवा के क्षेत्र में भी विशिष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा संचालित गौशाला में निरंतर गौसेवा की जाती है तथा गौमाता से प्राप्त विभिन्न तत्वों के माध्यम से अनेक आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण किया जाता है। उनके द्वारा स्थापित औषधालय में इन औषधियों से अनेक रोगों के उपचार का कार्य भी जनसेवा भाव से किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 6 मई को सायं 5 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 12 मई को हवन-पूजन सम्पन्न होगा तथा 13 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## छोटा काम बड़ा, इंसान श्रम से ही मिलती सच्ची पहचान-ब्रह्माकुमारी

# श्रम शक्ति से बनता है देश महान

**कर्मयोगी बनकर जीना ही सच्ची सफलता का खजाना है ब्रह्माकुमारी**

**अपने को मजदूर, मजबूर नहीं मजबूत समझे ब्रह्माकुमारी**

पन्ना।



विगत दिवस 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में श्रमिकों के लिए एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि 1 मई का दिन यूं ही खास नहीं बन गया इसके पीछे संघर्ष,साहस और अधिकारों की लंबी कहानी छिपी है सन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों श्रमिक सड़क पर उतरे उनकी मांग थी कि 8 घंटे काम 8 घंटे आराम, 8 घंटे अपने जीवन के लिए। आपने कहा जब हम किसी सुंदर घर में प्रवेश करते हैं तो उसकी सजावट की तारीफ करते हैं या हम किसी मजबूत पुल से गुजरते हैं तो उसकी इंजीनियरिंग की सराहना करते हैं लेकिन शायद ही कभी हम सोचते हैं उस घर की हर एक ईट किसने उठाई होगी? उस पुल की नींव में किसके पसीने की बूंदे गिरी होगी? एक मूर्तिकार जब पत्थर को तराशता है तो वह केवल मूर्ति नहीं बनाता वह अपनी कल्पना को जीवन देता है, एक किसान खेत में मेहनत करता है तब अन्न हमारे घर तक पहुंचता है, एक मजदूर सड़क बनाता हैं तब यात्रा आसान होती है एक कारीगर घर बनाता है तब परिवार बसता है इसलिए कहा गया है श्रम ही सच्ची पूजा है और कर्म ही सबसे बड़ी साधना है जब एक कारीगर अपने भीतर शांति,पवित्रता और सकारात्मक को विकसित करता है तो उसके कारीगरी में दिव्यता झलकने लगती है उसका काम केवल रोजगार नहीं रहता बल्कि समाज सेवा और आत्मा उन्नति का माध्यम बन जाता है आज केवल अधिकारों की बात करना ही पर्याप्त नहीं है आज आवश्यकता है सम्मान संस्कार और आत्मिक उन्नति की ब्रह्माकुमारी विद्यालय की शिक्षा हमें सिखाती है कि हम सभी आत्मा है और यह शरीर एक माध्यम है जब हम इस आत्म चेतना में स्थित होकर कार्य करते हैं तो हमारा हर कर्म कर्मयोग बन जाता है। आज इस पावन अवसर पर हम सभी को कुछ संकल्प लेने होंगे हम हर श्रमिक का सम्मान करेंगे हम अपने कार्य को श्रेष्ठ भावना और ईमानदारी से करेंगे हम नशा मुक्त, संस्कारी और अनुशासित जीवन अपनाएंगे हर रोज जीवन में ध्यान मेडिटेशन को अपना कर अपने मन को शक्तिशाली बनाएंगे। कार्यक्रम में श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य ने कहा अपने को कभी भी छोटा ना समझे कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहन ने बड़ी भावना से सभी का तिलक, गमछा एवं ईश्वरीय साहित्य उपहार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में बिहारी लाल अशोक ठेकेदार,राजेश भाई, मोती कुशवाहा, रज्जू मंडल, अशोक मंडल राजू कुशवाहा, कल्लू ठेकेदार, कमलेश प्रजापति, गणेश मंडल, रामदीन मिस्त्री, रामकिशोर कुशवाहा एवं अन्य ठेकेदार मिस्त्री व श्रमिक उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम की सराहना की अंत में सभी को मेडिटेशन ध्यान की अनुभूति कराई गई।

# मोहन यादव सरकार में विकास के दावों की खुली पोल डिघौरा के सनौरा में कीचड़ के बीच सजा बन गया है सफर

**मुख्यमंत्री को भी ग्रामीण दे चुके है आवेदन स्थिति जस की तस**

गुनौर।

प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और चमचमाती सड़कों के सरकारी दावों के बीच, पन्ना जिले की जनपद पंचायत गुनौर से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़े सवाल खड़े करती है। ग्राम पंचायत डिघौरा के सनौरा गांव में आज भी ग्रामीण आदिम युग जैसी परिस्थितियों में जीने को मजबूर हैं।

**बिन मौसम बारिश ने खोली सिस्टम की सिलाई**

हैरानी की बात यह है कि अभी मानसून ने दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन हालिया बिन मौसम बारिश ने ही गांव के मुख्य रास्ते को तालाब में तब्दील कर दिया है। पक्की सड़क के अभाव में मिट्टी और मलबे से भरा यह रास्ता अब दलदल बन चुका है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। मुसीबतों का पैदल सफर शिक्षा और स्वास्थ्य दांव पर



ग्रामीणों का दर्द है कि इस बदहाल रास्ते के कारण दैनिक जीवन पटरी से उतर गया है

शिक्षा पर संकटरू कीचड़ भरी सड़कों के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई बार बच्चों को गीले कपड़ों और कीचड़ में सने पैरों के साथ वापस घर लौटना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाएं फेलरू गांव तक एम्बुलेंस का पहुंचना नामुमकिन है। बीमारों और बुजुर्गों को अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीणों को 2 किलोमीटर तक पैदल या खाट पर लादकर ले जाना पड़ता है, जिसके बाद ही वाहन की सुविधा मिल पाती है।

**नेताओं के आश्वासन का अमृतकाल**

ग्रामीणों का कहना है कि वे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल श्कोरा आश्वासनश ही मिला है। चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले नेताओं ने सड़क निर्माण का वादा तो किया, लेकिन सत्ता की कुर्सी मिलते ही सनौरा गांव की बदहाली को भुला दिया गया। अगर बिन मौसम बारिश में यह हाल है, तो आने वाले बरसात के मौसम में हमारी क्या स्थिति होगी? क्या सरकार हमारी जान की कीमत सिर्फ एक वोट तक ही समझती है?ष झ कृ स्थानीय ग्रामीण का कहना हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार एक ओर श्सुशासनश का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर सनौरा जैसे गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस खबर के बाद नींद से जागते हैं या सनौरा के ग्रामीणों को इस साल भी बारिश के मौसम में कीचड़ के कैदी बनकर रहना होगा।

## दामाद ने की सास की हत्या, लकड़ी के डंडे से पीट-पीटकर मार डाला



**पन्ना।** जिले में इस प्रकार का मामला बृजपुर थाना अंतर्गत ग्राम उड़की का सामने आया है जहां पर एक हैवान दामाद द्वारा लकड़ी के डंडे से हमला करते हुए अपनी पत्नी की मां सास को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है जानकारी के अनुसार मृतका के परिजनों ने बताया कि हमारी बेटी की शादी संदीप विश्वास से विगत वर्ष अप्रैल माह में हुई थी कुछ महीना सब कुछ अच्छा चल दो-तीन महीना से दामाद संदीप मोटरसाइकिल तथा स्मार्ट मोबाइल की मांग करता था




जिसे ससुराल वाले देने में असमर्थ थे जिससे नाराज होकर संदीप अपनी पत्नी को ससुराल में छोड़ गया तथा दो दिन बाद ससुराल आया जहां पर उसका बाद विवाद सास रीना राय से हुआ संदीप ने लकड़ी का डंडा उठाकर उसे बुरी तरह पीटा जिससे उसकी मौत हो गई तथा अपनी पत्नी को भी धक्का देकर गिरा दिया इसके बाद वह भाग गया घटना की जानकारी परिवार जनों द्वारा पुलिस थाना बृजपुर को दी गई पुलिस घटनास्थल पहुंची पंचनामा बनाया तथा पोस्टमार्टम के लिए पन्ना लाया गया पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इनका कहना है घटनाको अंजाम देने वाले आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा। इस तरह से समाज में नैतिकता जो गिर रही है जिसके कारण अपराध घटित होते है वहीं परिवार में बिखरते है आपसी परिवारों में जहां घटनाओं को लेकर झकझोर देने वाली घटना माना जा रहा है।

## झिरियन हनुमान मंदिर में राम कथा का आयोजन दस मई से, आवश्यक तैयारी बैठक में हुई चर्चा

**अमानगंज** हिंदू सनातन संस्कृति की अलग जगाने स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर भगवान श्री राम नाम का एक बड़ा यज्ञ राम कथा के रूप में अमानगंज नगर के झिरियन हनुमान मंदिर में दस मई से आयोजित हो रहा है आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हेतु स्थानीय और क्षेत्र स्टार की भगवान श्री राम और हनुमान के भक्त आज हनुमान मंदिर में एकत्र हुए और इस विषय पर अपनी अपनी बात रखी जिसमें तय हुआ की एक विशाल कलश यात्रा दस मई को नगर के बड़े हनुमान मंदिर से आरंभ होगी जो आयोजन स्थल हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी और उसके बाद कथा आरंभ होगी कथा में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संत आत्मानंद गिरि जी महाराज अपनी मधुर वाणी से भक्तों को कथा सुनाएंगे जो शाम 4:00 बजे से हरि इच्छा तक चलेगी आज कथा बैठक में अलग-अलग जिम्मेदारियां भी समिति के द्वारा शोपि गई है बैठक में मुख्य रूप केशव प्रसाद द्विवेदी मिथिलेश द्विवेदी यश के शर्मा शिव किशोर द्विवेदी रमेश



जी लखेरा डॉ प्रशांत चतुर्वेदी मस्तराम राजपूत नीरज राजा रूपेंद्र सिंह शिक्षक पूरन तिवारी महेंद्र तिवारी महादेव प्रसाद मिश्रा मनोज बडगईया अशोक प्यासी नीरज राजा प्रदीप अवस्थी कमलेश पांडे भूपेंद्र सिंह छोटे विशाल सिंह भदौरिया ओमप्रकाश मिश्रा अरविंद दुबे अमित दुबे मुकेश जी चौबे आशीष मोदी विक्की राजेंद्र अग्रवाल विमल अग्रवाल प्रेम नारायण शर्मा आनंद सिंह राजपूत बलराम मेहतेले पंकज परोहा भैया रेले राजेंद्र सिंह सहित स्थानीय और क्षेत्रीय राम हनुमान भक्त उपस्थित रहे जिन्होंने आयोजन को पूरी निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया

## रेस्ट हाउस के सामने अव्यवस्था का अंबार, डिब्बे बने शराबियों का अड्डा, गंदगी से नागरिक त्रस्त

अमानगंज-

नगर परिषद अमानगंज में स्वच्छता व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। रेस्ट हाउस के सामने बने अस्थायी डिब्बों एवं टपरों में खुलेआम शराब सेवन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो गया है। सुबह से लेकर देर शाम तक यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।सड़क किनारे शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल ग्लास एवं अंडों के छिलकों के ढेर लगे रहने से आसपास गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। दोपहर करीब 2 बजे भी कई लोग सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते नजर आए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शराबियों में न तो पुलिस का भय है और न ही प्रशासन का कोई खौफ दिखाई देता है।अस्थायी अतिक्रमण के कारण कई बार सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर स्थित रेस्ट हाउस में प्रतिदिन जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक कर्मचारी आते-जाते रहते हैं, बावजूद इसके इस समस्या की ओर अब तक कोई ठोस ध्यान







नहीं दिया गया।नगरवासियों का आरोप है कि अमानगंज में कई स्थानों पर इसी प्रकार गंदगी का आलम है। शहर का शायद ही कोई क्षेत्र बचा हो, जहां कचरा और शराब की बोतलें नजर न आती हों। ऐसे में नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।अब देखना यह है कि नगर परिषद अमानगंज एवं प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं या फिर यह अव्यवस्था यूं ही जारी रहती है।

## खबर संक्षेप

### मार्ग अवरूद्ध करने पर 1 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु खिरहनी ब्रिज के नीचे अवैध रूप से बग्घियां खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले संचालकों पर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से खड़ी बग्घियों के कारण आवागमन प्रभावित पाए जाने पर संबंधित बग्घी संचालकों पर 1000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा तत्काल स्थल खाली कराते हुए दोबारा इस प्रकार अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान अतिक्रमण दस्ते के रंजीत खटीक,अजय कुशवाहा,अब्दुल नसीम और अन्य अतिक्रमण दस्ते कर्मचारियों की उपस्थिति रही। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक उपयोग एवं शासकीय प्रयोजनों हेतु आरक्षित भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को व्यवस्थित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### आरक्षित शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

**कटनी।** रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत अमरगंज क्षेत्र में एम.एस.डब्ल्यू. कचरा प्लांट पहुंच मार्ग के समीप नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिक निगम कटनी को अमीरगंज क्षेत्र में सूअर बाड़ा निर्माण एवं संबंधित व्यवस्थाओं हेतु भूमि आवंटित की गई है। उक्त आरक्षित शासकीय भूमि के लगभग 15 बाई 30 फुट हिस्से पर स्थानीय व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत निगम प्रशासन को प्राप्त हुई थी। शिकायत के परीक्षण उपरांत निगम प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्ति को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आदेश की अवहेलना करते हुए स्थल पर अवैध रूप से कक्ष निर्माण किया जाना पाए जाने पर अवैध निर्मित संरचना को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### जनगणना के महत्व की दी जानकारी, किया जागरूक

**कटनी।** जिले में जनगणना (मकान गणना) कार्य को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों और सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों को जनगणना के महत्व और इसमें सहयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा गांव-गांव में दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है।

## संजय गांधी अस्पताल में डॉक्टरों के दुर्व्यवहार का मामला कोर्ट पहुंचा,

# तीन डॉक्टर हुए हाजिर, दो साल पहले घटित मामले में सख्ती के बाद प्रकरण में आई सक्रियता

रीवा।

संजय गांधी अस्पताल में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उनकी मां के साथ हुए दुर्व्यवहार का मामला कोर्ट पहुंच गया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने डाक्टरों के खिलाफ डीन सहित डीएमई और केन्द्र सरकार से शिकायतें की थी। शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट से 9 चिकित्सकों को कोर्ट में हाजिर होने का नोटिस जारी किया गया था। इसमे 'तीन चिकित्सक उपस्थित हुए। वहीं शेष के अधिवक्ताओं ने मेमो ऑफ अपीयरेंस दाखिल किया है। आपको बता दें कि आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. विवेक पाण्डेय अपने मां के गाल ब्लॉडर का आपरेशन कराने के लिए संजय गाधी अस्पताल में उन्हें भर्ती किए थे। आपरेशन थिएटर में जब उनकी मां को ले जाया गया तो हाथ में नेल पॉलिश को लेकर विवाद हो गया। डॉक्टरों के उनके साथ अभद्र व्यवहार किया था। बिना आपरेशन किए ही उनकी मां को आपरेशन थिएटर से बाहर कर दिया गया था। इसकी शिकायत डॉ विवेक पाण्डेय ने मेडिकल कॉलेज डीन से की थी। डीन ने आश्वासन दिया था कि




कुछ समय बाद डॉक्टर आपरेशन करेंगे। 24 जुलाई 2024 को करीब 11 बजे मरीज को दोबारा ओटी में ले जाया गया। इस दौरान बीपी मरीज का बढ़ा हुआ था। इसकी वजह उनके पुत्र ने दुर्व्यवहार को कारण बताया। इसी पर डॉक्टर भड़क गए और आरटीआई एक्टिविस्ट से दुर्व्यवहार करने लगे थे। गालीगलौज की गई। अपमानित भी किया गया था। इस दौरान 10 से 15 चिकित्सकों ने उन्हें घेर लिया था। धक्का मुक्की और गाली गलौज भी की गई । उन्हें सुरक्षाकर्मियों की मदद से बाहर निकाल दिया गया था। इसकी शिकायत उन्होंने डीन से की थी। इसके बाद आरटीआई से उन्होंने घटना दिनांक की सीसीटीवी मांगी। उन्हें फुटेज उपलब्ध नहीं कराया गया। रिकार्डिंग डिलीट होने की जानकारी दी गई। मामले की शिकायत के बाद जांच समिति बैठाई गई। इसमें डॉ प्रियंक शर्मा, डॉ यत्नेश त्रिपाठी, डॉ मनोज इंदूरकर, डॉ अवतार सिंह और डॉ कल्पना यादव को शामिल किया गया। जांच टीम ने एक तरफा रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे विवेक पाण्डेय को न्याय नहीं मिला। उन्होंने नवंबर 2025 में रीवा न्यायालय में परिवाद दायर किया। इस मामले में कुल 9 लोगों को शामिल किया गया। इसमें मेडिकल कॉलेज डीन सहित जांच समिति के सदस्य और घटना के समय मौजूद डॉक्टर भी शामिल रहे। इसी मामले में कोर्ट ने सभी 9 चिकित्सकों को नोटिस जारी किया था। नोटिस जारी होने के बाद 9 में से तीन चिकित्सक कोर्ट में हाजिर हुए और अपना पक्ष रखे। वहीं शेष चिकित्सकों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में मेमो ऑफ अपीयरेंस दाखिल किया है।

## गर्मी शुरू होते ही शहर में पेयजल की किल्लत शुरू, सप्लाई के समय बिजली बंद करने की उठ रही मांग, सभी घरों तक नहीं हो रही पर्याप्त सप्लाई, लोग हो रहे परेशान

रीवा

गर्मी का मौसम आते ही शहर में क पेयजल की किल्लत होने लगी है। कई न मोहल्लों में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा है। सप्लाई के समय कुछ लोग मोटर चालू कर देते है, जिसके चलते अधिकांश घरों तक मोटर चलाने के पानी नहीं पहुंच पाता। नगर निगम ने पिछले साल गर्मी में पानी सप्लाई के समय बिजली कट करवाने की क व्यवस्था बनाई थी जिससे सभी घरों इ तक सप्लाई का पानी पहुंच जाता था। नगर निगम के 45 वार्डों में दो दर्जन टंकियों से पेयजल सप्लाई होती है। अधिकांश बसाहट क्षेत्रों में सप्लाई निगम द्वारा की जाती है। इस पेयजल सप्लाई के बदले में निगम प्रशासन । द्वारा प्रत्येक घर से 175 रुपए प्रतिमाह जलकर वसूला जाता है। बता दें कि इन दिनों सुबह और शाम 6 से 7 बजे तक पेयजल की सप्लाई चालू होती है। बात दे निगमप्रशासन के अनुसार है। इसमें से भी कुछ शहर में पेयजल सप्लाई के लगभग 46 हजार घरेलू कनेक्शन हैं। इनमें से अनुमानित 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को कम पानी मिलने की समस्या झेलनी पड़ रही उपभोक्ता ही शिकायत कर पाते हैं। टंकी से नल कनेक्शन की दूरी या पाइपलाइन के टेलिंग एंड में कनेक्शन होने पर संबंधित नागरिकों को ज्यादा परेशानी होती है।लगातार बढ़ रही शिकायतेंनगर निगम जल शाखा प्रबंधन की माने तो पहले निगम स्तर पर बिजली कट कराने का प्रयास कर लिया जाता था। अब यह निर्णय शासन स्तर पर हो सकता है। स्थानीय प्रशासन इसमें कुछ नहीं कर सकता। प्रबंधन का कहना है कि गर्मियों के दिनों में पर्याप्त पेयजल न मिलने की शिकायतें 10 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं। ऐसे में, सभी नागरिकों को संतुष्ट करना मुश्किल हो जाता है। लोगों की माने तो कई लोग बड़ी- बड़ी टंकियों में पानी भरते हैं, टंकी भर जाने के बाद भी समय पर मोटर बंद नहीं करते। कई लोग पानी मोटर चलाकर गाड़ी धोते हैं। ऐसे लोगों की मनमानी के कारण उन छोटे परिवारों को पानी नहीं मिल पाता जो मोटर आदि का उपयोग नहीं करते। कई बार तो टेलिंग एंड में मोटर चलाने पर भी उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

## कमर्शियल सिलेंडर गैस सिलेंडर कीमतों में भारी वृद्धि से हर उपभोक्ता प्रभावित: अजय खरे

# मनमानी बढ़ोतरी तत्काल वापस हो

रीवा ।

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु ,असम ,केरल और पुदुचेरी के मतदान ख़त्म होते ही केंद्र सरकार के द्वारा शुक्रवार 1 मई से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये (47.8 प्रतिशत) की भारी भरकम अभूतपूर्व बढ़ोतरी का जनता पर सीधा असर हुआ है। श्री खरे ने कहा कि सिलेंडर कमर्शियल हो या घरेलू ईंधन गैस से पकाए जाने वाली खाने की वस्तुओं की उपभोक्ता जनता ही है। इससे हर उपभोक्ता प्रभावित हुआ है। ठीक एक माह पहले 1 अप्रैल 2026 को भी 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 195 रुपए 50 पैसे की वृद्धि की गई थी। इस तरह एक माह के अंदर करीब 1200 रुपए की वृद्धि होने से 1900 रुपए कीमत वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 3100 रुपए तक पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और छोटे स्ट्रीट फूड वेंडर्स के द्वारा पकाकर खाने वाली वस्तुओं की लागत कीमत पर दिखाई दे रहा है। परिणामस्वरूप, खाने-पीने की चीजों के दामों में भारी वृद्धि हो गई है। श्री खरे ने कहा कि मध्य पूर्व एशिया युद्ध के बाद से एलपीजी गैस सिलेंडर संकट के बीच 'ब्लैक मार्केट' में सिलेंडर बिकने की खबरें एक कड़वा सच है। जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों को मजबूर होकर महंगा सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। सरकार ने घरेलू सिलेंडर की बुकिंग अवधि 25 दिन कर दी गई, इसके बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायतें जारी हैं। श्री खरे ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर और घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में फर्क बंद होना चाहिए। दोनों के उपभोक्ता अलग-अलग नहीं हैं।

## 22 केन्द्रों में होगी द्वितीय बोर्ड परीक्षा: सहायक और केन्द्राध्यक्ष नियुक्त, छात्रों के साथ शिक्षकों की दोहरी परीक्षा, जनगणना के साथ करनी होगी ड्यूटी

**रीवा।** बोर्ड परीक्षा में खराब रिजल्ट की सुधारने के लिए बोर्ड ने फिर से छात्रों को मौका दिया है। द्वितीय बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए रीवा और मऊगंज में 22 केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष भी नियुक्त कर दिए गए हैं। सभी को जिम्मेदारी भी दे दी गई है। आपको बता दें कि हाल ही में 15 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया था। इस परीक्षा में सिर्फ पास और फेल बाले छात्रों के ही परिणाम जारी हुए। इस बार पूरक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया। इन सभी को अब पास होने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल दूसरा मौका देगा। इसके लिए द्वितीय बोर्ड परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। मई महीने में हाई और हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए रीवा में 16 और मऊगंज में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षा 7 से शुरू होकर 25 मई तक आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एडीएम सपना त्रिपाठी, जिला शिक्षा




अधिकारी रामराज मिश्रा और सहायक संचालक राजेश मिश्रा की मौजूदगी में परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की गई है। सभी को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है।इन केन्द्रों में होगी फिर से बोर्ड परीक्षाद्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए रीवा में 16 और मऊगंज में 6 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शाउ मावि मार्तण्ड क्रमांक 3, शाउमावि मार्तण्ड क्रमांक 2, मार्तण्ड क्रमांक 1, शाउमावि निपनिया, बालक रायपुर कर्चुलियान, शाउमावि बालक सिरमौर, शउमावि कन्या सिरमौर, बालक सेमरिया, बालक गंगेव, शाउमावि कन्या मनगवां, शाउमावि बालक मऊगंज, खटखरी हनुमना, शाउमावि गौरी हनुमना, शाउमावि बालक नईगढ़ी, शाउमावि बालक त्योंचर, शाउमावि सितलहा गवा, शाउमावि बालक हनुमना, आदर्श उमावि सिविल लाइन रीवा, शाउमावि नॉंडल त्योंचर, शाउनावि मॉडल मऊगंज, फोर्मेस मेमोरियल उमावि रीवा, आदर्श नर्मदा उमावि गंगेव शामिल हैं।जनगणना के साथ करनी होगी ड्यूटीद्वितीय बोर्ड परीक्षा और जनगणना का काम दोनों साथ साथ चलेगा। 1 मई से जनगणना भी शुरू हो गई है। जनगणना में प्राचार्य से लेकर सभी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी बीच बोर्ड परीक्षा भी शुरू हो रही है। ऐसे में शिक्षकों को दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी भी करती होगी और साथ में जनगणना का काम भी कराना होगा।

## रीवा: पुलिस ने दिखाया एक्सीडेंट का लाइव डेमो, हेलमेट की अहमियत समझाई

# सड़क हादसों में हेलमेट से कैसे बचती है जान, पुलिस ने बताया, चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू

रीवा। रीवा पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए **अनोखा कदम उठाया है। पुलिस ने एक्सीडेंट का लाइव डेमो कर लोगों को दिखाया कि हेलमेट पहनने से जान कैसे बचती है और हेलमेट क्यों जरूरी है। हेलमेट अभियान ने अब शहर में जोर पकड़ लिया है।**

### डेमो से दिया जीवन रक्षा का संदेश

पुलिस ने शहर के व्यस्त इलाके में लाइव डेमो के जरिए बताया कि सड़क हादसे के दौरान हेलमेट सिर को गंभीर चोट से बचाता है। डेमो का मकसद लोगों को यह समझाना था कि एक छोटी सी लापरवाही



जानलेवा हो सकती है, जबकि हेलमेट पहनना जीवन रक्षक साबित होता है।

### चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान

हेलमेट अभियान के तहत रीवा पुलिस ने शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि नियम तोड़ने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

### जागरूकता के साथ कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को हेलमेट की जरूरत के प्रति जागरूक करना है। सड़क हादसों में ज्यादातर मौतें सिर में चोट लगने से होती हैं। ऐसे में हेलमेट पहनना खुद की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

## संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में मरीजों को मिल रही हैं अत्याधुनिक सुविधाएं, अल्प समय में ही 61 जटिल जीवन-रक्षक प्रक्रियाएँ सफल, उप मुख्यमंत्री ने स्थापित अत्याधुनिक मशीनों का लिया जायजा

**रीवा ।** विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र, संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में स्थापित अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से विभाग ने एक माह से भी कम समय में 61 से अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं विभाग का निरीक्षण कर इन उपलब्धियों और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उन्नत ईआरसीपी, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड, कोलैन्जियोस्कोपी और लिथोट्रिप्सी जैसी मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और विभाग की दक्षता की सराहना की। मध्यप्रदेश के सबसे उन्नत 'एडवांस्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्किल लैब' के माध्यम से अस्पताल ने न केवल अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि की है, बल्कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए जीवनदायिनी भी सिद्ध हुआ है। सफल रही 61 प्रक्रियाओं में से एक बड़ी संख्या उन जीवन-रक्षक हस्तक्षेपों की है, जिनमें सक्रिय रक्तस्राव से जूझ रहे मरीजों का समयबद्ध एंडोस्कोपिक हीमोस्टेसिस किया गया। यदि ये आधुनिक सुविधाएं यहाँ उपलब्ध न होतीं, तो मरीजों को अन्य बड़े शहरों के केंद्रों में रेफर करना अनिवार्य हो जाता, जिससे उपचार में देरी के साथ-साथ मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और जान-माल का खतरा भी बना रहता। वर्तमान में यह विभाग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एम. एच. उस्मानी के कुशल नेतृत्व और सह-प्राध्यापक डॉ. प्रदीप निगम के सहयोग से





अपनी अधिकतम परिचालन क्षमता पर कार्य कर रहा है। अस्पताल अब उन्नत इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी सेवाएं प्रदान करने में आत्मनिर्भर हो चुका है। इन सुविधाओं के विस्तार से अब स्थानीय स्तर पर ही जटिल बीमारियों का सटीक उपचार संभव हो पा रहा है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को अनावश्यक रेफरल और आर्थिक चुनौतियों से बड़ी राहत मिली है।

# देवरा गांव में जमीनी विवाद ने लिया खूनी रूप, एक की मौत, दर्जनभर घायल



मऊगंज

जिले के शाहपुर थाना की खटखरी चौकी के अंतर्गत ग्राम देवरा में दो साहू परिवारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई, जिसमे देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस घटना में 65 वर्षीय गिरिजा प्रसाद साहू की मौत हो गई, जबकि दोनों पक्षों के लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए घटना के संबंध मे बताया गया कि विवाद लंबे समय से जमीन को लेकर चल रहा था, जो अचानक उग्र हो गया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों और अन्य हथियारों के साथ आमने-सामने आ गए, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी एवं एसडीओपी सचि पाठक तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ पाया गया है।



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

मऊगंज

जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 1 मई को थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि एक शादी समारोह के दौरान उसकी पहचान उसकी चचेरी बहन के देवर धर्मेन्द्र पटेल से हुई थी। और आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परिहार और एसडीओपी सचि पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक ऋषि कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गई।पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी धर्मेन्द्र पटेल (27) निवासी छत्रगढ़, थाना नईगढ़ी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनंत विजय सिंह, प्रधान आरक्षक रामकुमार भास्कर, आरक्षक गौरव पाण्डेय, सुरेन्द्र यादव, चंदन यादव, दिवाकर सिंह एवं सैनिक पवन मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## उप मुख्यमंत्री ने किया प्राकृतिक खेती का निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शनिवार हरिहर धाम स्थित अपने निजी खेत का भ्रमण कर वहां अपनाई जा रही प्राकृतिक खेती की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खेत में इस्तेमाल हो रहे प्राकृतिक खाद और जीवामृत के निर्माण व प्रयोग की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। श्री शुक्ल ने मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और जल संरक्षण के लिए अपनाए गए विशेष उपायों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पारंपरिक कृषि पद्धतियों की ओर लौटना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित सहायकों और कृषि विशेषज्ञों को रसायन मुक्त खेती की तकनीकों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेती में रसायनों का न्यूनतम उपयोग न केवल लागत कम करता है, बल्कि भूमि की उपजाऊ शक्ति को भी दीर्घकालिक लाभ पहुँचाता है। श्री शुक्ल ने प्राकृतिक कृषि को आधुनिक समय की मांग बताते हुए इसे जन-आंदोलन के रूप में प्रसारित करने की बात कही, ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध आहार और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर जिले में रहा उत्साह का वातावरण 2400 केंद्रों पर आयोजित हुआ 'लाड़ली उत्सव'

**रीवा ।** शासन के निर्देशानुसार 'लाड़ली लक्ष्मी दिवस' के उपलक्ष्य में जिले भर में 'लाड़ली उत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर रीवा में संपन्न हुआ। जिले के लिए गौरव का विषय रहा कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त परियोजना मुख्यालयों, सेक्टर मुख्यालयों और जिले के सभी 2400 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक साथ यह उत्सव मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं और उनकी माताओं ने सहभागिता की। वन स्टॉप सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नयन सिंह ने की। इस अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका अर्चना पचौरी, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती श्रुति मिश्रा और सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रभा शुक्ला, श्री सुमित सिंह, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा की भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और लाड़ली लक्ष्मी योजना को प्रदेश की बालिकाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली योजना बताया। कार्यक्रम के दौरान लाड़ली



लक्ष्मी योजना के अंतर्गत नई लाभान्वित बालिकाओं को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। समारोह में लगभग 40 से 50 बालिकाओं को आधिकारिक प्रमाण पत्र, स्वच्छता किट और पुष्प माला भेंट की गई। विभाग द्वारा उपस्थित बालिकाओं और उनकी माताओं को योजना के लाभों, शिक्षा के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने जोर दिया कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना ही इस उत्सव का मूल उद्देश्य है। उत्सव का एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलू पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा रहा। समस्त अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत ₹एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम₹ अभियान के तहत वन स्टॉप सेंटर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बालिकाओं ने अपने हाथों से पौधों को रोपित किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। यह गतिविधि बेटियों और प्रकृति के बीच एक सुंदर जुड़ाव को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित की गई थी। पूरे कार्यक्रम में आम नागरिकों, लाभार्थी किशोरियों और महिलाओं ने उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाया। जिले भर के 2400 आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी इसी प्रकार से सम्मान और संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे जिला स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक लाड़ली लक्ष्मी दिवस की गूंज सुनाई दी।